Under CSR Support by Ipca Foundation
missiongyan LET'S LEARN TOGETHER
JINENDER SONI
Founder, MISSION GYAN

# अध्याय-5 | लोकतंत्र के परिणाम

Worksheet-1

## बहुविकल्पी प्रश्न

**1. आधुनिक समय में कितने देश किसी न किसी प्रकार की लोकतांत्रिक व्यवस्था चलाने का दावा करते हैं?**

(अ) 100 (ब) 80
(स) 70 (द) 50

**2. निम्नलिखित में से कौन-सा लोकतन्त्र का अवगुण है—**

(अ) ये सभी (ब) धनी व्यक्तियों का शासन
(स) बहुसंख्यक की प्राथमिकता (द) दलों में व्यक्तिवाद

**3. निम्नलिखित में से कौन-सा लोकतंत्र का अर्थ हैं?**

(अ) तानाशाही (ब) एकल शासन
(स) राजतंत्रात्मक (द) बहुमत का शासन

**4. जनता का, जनता के लिए शासन किस शासन व्यवस्था की विशेषता है —**

(अ) लोकतन्त्र की (ब) राजतन्त्र की
(स) इनमें से कोई नहीं (द) तानाशाही की

**5. सरकार का वह प्रकार जिसमें आर्थिक समृद्धि की दर कुछ उच्चतर है —**

(अ) इनमें से कोई नहीं (ब) तानाशाही
(स) लोकतंत्रीय (द) राजतंत्रीय

**6. निम्नलिखित में से किसका सम्बन्ध लोकतन्त्र से नहीं है —**

(अ) राजनीतिक दल (ब) उत्तरदायी शासन
(स) जनमत (द) बहुसंख्यकों का शासन

**7. भारत में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा कौन-सी है—**

(अ) हिन्दी (ब) कश्मीरी
(स) पंजाबी (द) उर्दू

**8. बहुमत और अल्पमत की राय —**

(अ) स्थायी होती है (ब) स्थायी नहीं होती है
(स) इनमें से कोई नहीं (द) कुछ स्थायी होती है

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App

**9. हम किस वक्त लोकतंत्र की अवधारणा को दोष देने लगते हैं?**

(अ) जनता का शासन
(ब) शासन का एक स्वरूप
(स) बहुमत का शासन
(द) हर मर्ज की दवा मानना

**10. लोकतंत्र का कौन-सा पहलू नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करने पर बल देता है?**

(अ) आर्थिक विकास
(ब) समानता और स्वतंत्रता
(स) सैन्य शक्ति
(द) धार्मिक एकाधिकार

## रिक्त स्थान :

11. लोकतंत्र में शासन ____________ के आधार पर होता है।

12. लोकतंत्र में शासक को अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए ____________ जीतनी होती है।

## सत्य / असत्य

13. लोकतंत्र में सभी नागरिकों को समान राजनैतिक अधिकार प्राप्त होते हैं।

14. लोकतंत्र केवल आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित करता है, नागरिक अधिकारों की रक्षा नहीं करता।

## अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

15. लोकतंत्र की परिभाषा लिखो।

16. लोकतंत्र में अंतिम सत्ता किसके हाथों में होती है?

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

17. लोकतान्त्रिक शासन व्यवस्था अन्य शासन व्यवस्थाओं से बेहतर है। कारणों को स्पष्ट कीजिए।

18. उत्तरदायी शासन क्या है? इसकी दो विशेषताएँ लिखिए।

## निबंधात्मक प्रश्न

19. लोकतन्त्र से आप क्या समझते हैं? इसे उत्तरदायी, ज़िम्मेदार एवं वैध शासन क्यों माना जाता है?

20. लोकतन्त्र किन स्थितियों में सामाजिक विविधता को सँभालता है तथा उनके बीच सामंजस्य बैठाता है?

## HOTS

21. गरिमा तथा आज़ादी की इच्छा ही लोकतंत्र का आधार है। व्याख्या कीजिए।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App

Under CSR Support by Ipca | Foundation
missiongyan
JINENDER SONI
Founder, MISSION GYAN

## अध्याय-5 | लोकतंत्र के परिणाम

Worksheet-1
उत्तरमाला

**1.** (अ) वर्तमान विश्व में 100 देश लोकतांत्रिक व्यवस्था चलाने का दावा करते हैं।

**2.** (अ) ये सभी।

**3.** (द) लोकतंत्र का अर्थ, बहुमत के शासन से लिया जाता हैं।

**4.** (अ) लोकतन्त्र की।

**5.** (ब) तानाशाही व्यवस्था में आर्थिक संवृद्धि की दर कुछ उच्चतर है।

**6.** (द) बहुसंख्यकों का शासन

**7.** (अ) हिन्दी।

**8.** (ब) बहुमत और अल्पमत की राय स्थायी नहीं होती।

**9.** (द) हम लोकतंत्र की अवधारणा को उस समय दोष देने लगते हैं। जब हम उसे हर मर्ज की दवा मानने लगते हैं।

**10.** (ब) समानता और स्वतंत्रता

**11.** **रिक्त स्थान :** जनता की इच्छा

**12.** **रिक्त स्थान :** जनता का विश्वास

**13.** **सत्य / असत्य :** सत्य

**14.** **सत्य / असत्य :** असत्य

**15.** लोकतंत्र या प्रजातंत्र एक ऐसी शासन व्यवस्था और लोकतांत्रिक राज्य दोनों के लिये प्रयुक्त होता है। अब्राहम लिंकन के द्वारा परिभाषा, "लोकतंत्र शासन वह शासन है जिसमें शासन जनता का, जनता के लिए और जनता द्वारा हो।"

**16.** जनता के हाथों में।

**17.** लोकतान्त्रिक शासन व्यवस्था अन्य शासन व्यवस्थाओं से बेहतर है- किसी भी समाज में लोगों के हितों और विचारों में अन्तर होता है। भारत की तरह अधिक सामाजिक विविधता वाले देश में इस तरह का अन्तर और भी ज्यादा होता है। भारत में विभिन्न भाषा, क्षेत्र, जाति, धर्म के लोग रहते हैं। इनके रहन-सहन में भी अन्तर है। एक समूह की पसन्द और दूसरे समूह की पसन्द में टकराव भी होता है। लोकतन्त्र इस समस्या का एकमात्र शान्तिपूर्ण समाधान उपलब्ध कराता है।

लोकतान्त्रिक सरकार विभिन्न सामाजिक समूहों के बीच सामंजस्य कराती है।

लोकतान्त्रिक व्यवस्था में नागरिक अधिकार और सम्मान में वृद्धि होती है। लोकतन्त्र में अन्य शासकीय व्यवस्थाओं की तुलना में नागरिक की स्थिति अच्छी होती है। लोकतन्त्र राजनीतिक समानता के सिद्धान्त पर आधारित है, यहाँ सबसे गरीब और अनपढ़ को भी वही दर्जा प्राप्त है जो अमीर और पढ़े-लिखे लोगों को है। लोग किसी शासक की प्रजा न होकर खुद अपने शासक हैं।

**18.** एक निश्चित समय एवं अन्तराल पर निर्वाचन की व्यवस्था द्वारा सरकार का गठन कर शासन चलाना उत्तरदायी शासन कहलाता है। इसकी दो विशेषताएँ निम्नलिखित हैं-

i. इस प्रकार की उत्तरदायी सरकार का गठन जनता स्वयं करती है।

ii. उत्तरदायी शासन में एक वैध सरकार होती है।

**19.** "लोकतंत्र शासन का वह रूप है जिसमें लोग अपने शासकों का चुनाव स्वयं करते हैं।" लोकतंत्र में नागरिकों के बीच स्वतंत्रता, समानता और व्यक्ति की गरिमा को बढ़ावा दिया जाता है। लोकतांत्रिक शासन की सबसे बड़ी चिंता यह होती है कि लोगों का अपने शासक को चुनने का अधिकार और शासकों पर नियंत्रण बना रहे। समय और आवश्यकता के अनुसार, नागरिकों को निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी करने में सक्षम होना चाहिए, ताकि जिम्मेदार सरकार बनी रहे और जनता की अपेक्षाओं और जरूरतों का ध्यान रखा जा सके। लोकतंत्र में यह सुनिश्चित किया जाता है कि सरकार के फैसले कानूनों के अनुसार हों। यदि कोई नागरिक जानना चाहे कि निर्णय लेने में नियमों का पालन हुआ है या नहीं, तो उसके पास इसके लिए साधन उपलब्ध होने चाहिए। इसे पारदर्शिता कहते हैं। लोकतांत्रिक सरकार नागरिकों को निर्णय प्रक्रिया में

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App

भागीदार बनाकर खुद को उनके प्रति जवाबदेह बनाने की कार्यविधि विकसित करती है। नियमित और निष्पक्ष चुनाव, प्रमुख नीतियों और नए कानूनों पर खुली सार्वजनिक चर्चा, और सरकारी कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त करने का अधिकार नागरिकों को मिलता है।

हालांकि, लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था कभी-कभी सुस्त, कम कार्य-कुशल और कुछ हद तक भ्रष्ट हो सकती है, और लोगों की जरूरतों की अनदेखी कर सकती है, फिर भी यह निश्चित रूप से अन्य शासन व्यवस्थाओं से बेहतर है। यह एक वैध शासन व्यवस्था है।

**20. लोकतंत्र निम्नलिखित स्थितियों में सामाजिक विविधता को संभालने का प्रयास करता है —**

विश्व के कई देशों में, जहां लोकतांत्रिक व्यवस्था अपनाई गई है, विभिन्न प्रकार की सामाजिक विविधताएँ पाई जाती हैं। लोकतंत्र शांति और सद्भाव के वातावरण में सामाजिक विविधताओं को उचित स्थान देता है और उन्हें अपनाता है। भारत और बेल्जियम दोनों ही लोकतांत्रिक देश हैं, जहां भाषा और संस्कृति के आधार पर विविधताएँ देखी जाती हैं। लोकतांत्रिक शासन प्रणाली ने संविधान के प्रावधानों के माध्यम से भाषा और संस्कृति की समस्याओं का समाधान किया है, जिसमें दोनों देशों को पर्याप्त सफलता मिली है।

लोकतंत्र में संवाद, विचार-विमर्श और बहस के आधार पर निर्णय लिए जाते हैं। आमतौर पर, लोकतंत्र में प्रतियोगिता सम्पन्न कराने के लिए एक संरचना विकसित की जाती है, जिससे लोगों के बीच तनाव कम होता है और हिंसा या रक्तपात की संभावनाएँ घट जाती हैं।

लोकतंत्र सामाजिक विविधताओं से उत्पन्न समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होता है। राज्य की उच्च जनसंख्या के कारण व्यक्तियों के विचार, हित और दृष्टिकोण भिन्न होते हैं। इनके बीच सामंजस्य स्थापित करने के लिए लोकतांत्रिक व्यवस्था सबसे उपयुक्त है।

**21.** संसार की सभी लोकतांत्रिक व्यवस्थाएँ इस बात को सिद्धान्त के तौर पर जरूर मानती हैं कि गरिमा तथा आज़ादी की इच्छा लोकतंत्र का आधार है। अलग-अलग लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में इन बातों पर अलग-अलग आचरण होता है। लोकतांत्रिक सरकारें सदा नागरिकों के अधिकारों का सम्मान नहीं करतीं। फिर जो देश काफी समय तक किसी अन्य राष्ट्र के अधीन रहे हैं उनके लिए यह अनुभव करना आसान नहीं है कि सभी व्यक्ति बराबर हैं। जैसे स्त्रियों की गरिमा। अधिकतर समाज पुरुष प्रधान समाज हैं। महिलाओं के लम्बे संघर्ष के बाद अब यह स्वीकार किया जाने लगता है कि महिलाओं के साथ गरिमा और समानता का व्यवहार लोकतंत्र की जरूरी शर्त है।

मिशन ज्ञान
पढ़ो जब चाहो, जहाँ चाहो, जैसे चाहो!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App